प्रपत्र–1

## प्रतिवेदन

कार्य का नाम :– जनपद देहरादून के विकासखण्ड सहसपुर में ग्राम पंचायत–रिखौली के हल्दूवाला से ग्राम पंचायत चौकी बिरावड़ी तक सेतु सहित मोटर मार्ग के निर्माण में आने वाली 1.0752 है0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

इस कार्य की स्वीकृति प्रथम चरण के अन्तर्गत शासनादेश सं0–6969/।।।(2)/13–38 (प्रा0आ0)/2013 दिनांक 14.12.2013 के द्वारा रू0 2.50 कि0मी0 लम्बाई तथा एक सेतु सहित रूपये 16.31 लाख की प्राप्त हुई है।

यह मार्ग सन्तला देवी मोटर मार्ग पर स्थित हल्दूवाला ग्राम के पास से प्रारम्भ होकर नून नदी के दूसरी ओर स्थित चैकी–बिरावड़ी ग्राम को जोड़ते हुए नन्दा की चौकी–आमवाला मार्ग पर मिलता है। इस मार्ग के प्रथम कि0मी0 में नून नदी पर मोटर सेतु का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में नून नदी पर मोटर सेतु का निर्माण किया जाना है। वर्तमान में इस स्थान पर आवागमन हेतु एक पैदल सेतु निर्मित है। किन्तु अधिक वर्षा में पानी सेतु के ऊपर से ओवर फ्लो होने के कारण इस पुल से आवागमन अवरूद्ध हो जाता है। इसी कारण चौकी–बिरावड़ी की ओर से सन्तला देवी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं स्कूल जाने वाले बच्चों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस मार्ग के निर्माण से स्थानीय जनता को एवं सन्तला देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं तथा स्कूल आने–जाने वाले बच्चों को होने वाली समस्या दूर हो जायेगी। इस मार्ग का संरेखण तय करते समय ध्यान रखा गया है कि कम से कम वन भूमि प्रभावित हो तथा वृक्षों का पातन भी न्यूनतम हो।

अतः समस्त जन प्रतिनिधि, ग्राम वासियों एवं प्रभावित भूमि के भू–स्वामियों की सहमति के अनुरूप स्वीकृत संरेखण सं0–। के अनुसार प्रस्ताव गठित कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
देहरादून

8/1/15
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
देहरादून